प्रारुप–6

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

## परियोजना का नामः– जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत निरई मोटर मार्ग के किमी0 1.80 से औलिया गांव लछ्मपुर व सूपाकोट तक मोटर मार्ग का नव निर्माण। (लम्बाई 3.200 किमी०)

आज दिनांक 11/11/2020 को निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 अल्मोड़ा द्वारा प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग कि ओर से श्री जीत सिह रावत, वन दरौगा, राजस्व विभाग की ओर से हरिनाथ गोस्वामी, राजस्व उपनिरीक्षक एवं प्रस्तावक विभाग कि ओर से श्री संजय सिंह कनवाल, कनिष्ठ अभियन्ता एवं श्री भास्करानन्द जोशी, अमीन द्वारा भाग लिया गया। प्रश्नगत परियोजना को बनाये जाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनों के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि समाजिक आवश्यकता/परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता की दृष्टि से जो संमरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 3180 मी0 नाप भूमि, 20 मी0 वन पंचायत वनभूमि प्रभावित होगी। इस समरेखन के चयन में कुल 2.862 है0 नाप भूमि, 0.018है0 वन पंचायत भूमि की आवश्यकता होगी। जिसमें से कुल 0.018 है0 भूमि की हस्तान्तरण की आवश्कता होगी। इस समरेखन पर/चुने हुए स्थल पर लगभग कुल 113 वृक्ष जो बांज, खड़िग, भीमल, मेहल, वकैन, तुन, पदम, चीड़, क्वैराल, सुरई, दाड़िम व अखरोट प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण में प्रभावित होगें। जिनमें से.......51.......बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

इस समरखेन के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें नाप भूमि में 3500(मी0), वन पंचायत भूमि से 80(मी0) प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में नाप भूमि 3.15 है0, 0.072 है0 वन पंचायत भूमि, जिनमें से कुल 0.072 है0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थल पर लगभग 150 वृक्ष जो बांज, खड़िग, भीमल, मेहल, वकैन, तुन, पदम, चीड़, क्वैराल, सुरई, दाड़िम व अखरोट प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से.......85.......बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

सिविल तथा नाप भूमि पर चीड़ प्रजाति के वन है जिनका वर्तमान वन आच्छादन नहीं है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का मान 79°38'34.83'' E एवं 29°45'41.25'' N तथा यह स्थल निरई नामक स्थान पर स्थित है, तथा इस समरेखन का अन्तिम होने के स्थल का मान 79°37'35.88''E एवं 29°46'8.20''N तथा यह स्थल सूपाकोट नामक स्थान पर स्थित है, चयनित समरेखन में कुल 0 पौधों को अन्य स्थानन्तरित किया जाना आवश्यक होगा।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नहीं है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नहीं होगा।

इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसका निस्तारण नाप भूमि में किया जायेगा।

अन्य आवश्यक विवरण हेतु मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना आवश्यक है। इस क्षेत्र में सब्जी का उत्पादन अत्यधिक मात्रा में किया जाता है। मोटर मार्ग के निर्माण होने से ग्रामवसियों को आवागम एवं अपने उत्पादन को बाजार तक ले जाने में सुविधा प्राप्त होगी एवं ग्रामवासियों का पलायन नहीं होगा। जिस हेतु मोटर मार्ग का निर्माण होना अति आवश्यक है।

जिला अधिकारी अल्मोड़ा

| हस्ताक्षर (प्रयोक्ता एजेन्सी) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (वन विभाग) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (जन प्रतिनिधि) प्रतिनिधि |
|---|---|---|---|
| सहायक अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो० नि० वि० अल्मोड़ा | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो० नि० वि० अल्मोड़ा | वन क्षेत्राधिकारी, अल्मोड़ा | राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र - तहसील - सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा |

तहसीलदार

उप जिलाधिकारी, अल्मोड़ा